सूर्योदय 5:27 सूर्यास्त 7:03

मुज़फ़्फ़रनगर अधिकतम -39.6 न्यूनतम - 25.5

50 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 मूल्य 2/-

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

Web : muzaffarnagarbulletin.co.in संस्थापक : उत्तम चन्द्र शर्मा (M. 9837042840) सम्पर्क सूत्र: ( कार्यालय ) 9368549219 muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

वर्ष-50 | अंक-133 | रविवार 15 मई, 2022 | बैशाख, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी, सम्वत् 2079 | पृष्ठ-4


**अनमोल वचन**

मनुष्य के जीवन में दो तरह के दु:ख होते हैं - एक यह कि उसके जीवन की अभिलाषा पूरी नहीं हुई और दूसरा यह कि उसके जीवन की अभिलाषा पूरी हो गई।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है**

अखिलेश यादव द्वारा रोज़ाना सरकार विरोधी ट्वीट करने पर लोगों ने उन पर तंज़ कसे : लखनऊ



तंज़ नहीं कसने चाहियें...उन्हें तो ट्विटर ही का सहारा है....

# बदली फिजां : मदरसों में फैली राष्ट्रवाद की खुशबू

मुजफ्फरनगर, १४ मई (बु.)। सरकार ने आवाज उठाई तो मदरसों की भावनाएं भी अब राष्ट्र के प्रति पहले से और अधिक बढ़–चढ़कर दिखाई पड़ रही हैं। आज से मदरसों में राष्ट्रगान आवश्यक हो गया है। ऐसे में नगर के मदरसा कुद्दुसिया जैनुल अबेदीन में सुबह दिन निकलने के साथ ही राष्ट्रगान की आवाज गूंजने लगी। एकाएक जोशीले अंदाज में राष्ट्रगान की आवाज सुनकर मीडिया भी मदरसे में पहुंची और मदरसे में मौजूद संचालक एवं छात्राओं के मन की मंशा जानी तो मदरसे के संचालक ताहिर अली अंसारी ने बताया कि उक्त मदरसे



में ३०० बच्चे पढ़ते हैं और दीनी और दुनियावी तालीम लेने के लिए पिछले कई वर्षों से छात्र–छात्राएं यहीं आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि आज सर्वप्रथम सरकार की मंशा के मुताबिक एक सुर में भारतीय राष्ट्रगान जन–गण–मन गाया गया और उसी के साथ अम्न व भाईचारे की दुआएं भी की गयी। मदरसा संचालक का कहना था कि हिन्दुस्तान को गंगा जमुनी तहजीब ने जिंदा रखा है। संचालक ने यह भी कबूला कि पहले राष्ट्रगान सिर्फ राष्ट्रीय पर्वों जैसे १५ अगस्त, २६ जनवरी या २ अक्टूबर को ही हुआ करता था मगर शासन ने इसकी अनिवार्यता करके सराहनीय कार्य किया है। अब मदरसे के छात्र–छात्राओं को नियमित रूप से राष्ट्रगान का अभ्यास कराया जायेगा और वास्तव में वे शासन की इस पहल का स्वागत करते हैं।

संचालक के अलावा मीडिया ने जब छात्रा समरीन व छात्र अरहम से उनका साक्षात्कार लिया तो दोनों बच्चों ने स्वीकारा कि मदरसे में पहले राष्ट्रगान कभी–कभार हुआ करता था मगर अब राष्ट्रगान नियमित रूप से हुआ करेगा। जब बच्चों से यह सवाल किया गया कि राष्ट्रगान पढ़ने और गाने में उन्हें कैसा अहसास हुआ, तो उन्होंने कहा कि राष्ट्रगान पढ़ते हुए उन्हें अच्छा अहसास हुआ और राष्ट्र के प्रति अच्छी भावना जगती दिखाई दी। कुल मिलाकर उत्तर प्रदेश में पहली बार मदरसों का माहौल बदलता दिख रहा है, जिसमें राष्ट्रभक्ति की बातें होती दिखाई पड़ रही हैं। हालांकि कहने को तो मदरसों में पहले भी देशभक्ति की बातें होती थी, मगर पहले सिर्फ दीनी तालीम देने पर जोर दिया जाता था मगर अब शासन की गाइडलाइन के अनुसार छात्र छात्राओं में राष्ट्र के प्रति भी भावनाएं जगानी होंगी। शासन का मानना है कि मदरसों के अलावा चल रही अन्य शिक्षण संस्थाओं में पूरे वर्ष राष्ट्रगान होते चले आए हैं, सिर्फ मदरसे ही ऐसे स्थान थे, जहां अपनी मनमर्जी के मुताबिक वर्ष में दो या चार बार राष्ट्रगान होते थे, मगर अब नियमित रूप से राष्ट्रगान कराना ही होगा। प्रदेश में बदली इस फिजां का अब पूरे राष्ट्र पर क्या असर होगा यह तस्वीर कुछ दिनों बाद साफ होगी। हो सकता है कुछ दिनों बाद कुछ मदरसे फिर एक बार पुरानी ही मुहिम पर चलें और राष्ट्रगान को कराना छोड़ दें। ऐसे में सरकार अपनी निगाहें इस बात पर भी रखेगी कि मदरसों में राष्ट्रगान वास्तव में हो रहा है अथवा नहीं।

## मदरसों में राष्ट्रगान एक अच्छी पहल

मुजफ्फरनगर, १४ मई (बु.)। इस मदरसे में करीब ३०० बच्चे पढ़ाई करते हैं। शासन द्वारा १२ तारीख से मदरसों में राष्ट्रीयगान अनिवार्य कर दिया गया है। सरकार के इस फैसले का हम स्वागत करते हैं और यह फैसला सराहनीय है। देश के हर बच्चे और छात्र–छात्रा को राष्ट्रगान की जानकारी होनी चाहिए। पहले मदरसों में २६ जनवरी, १५ अगस्त और २ अक्टूबर को ही राष्ट्रगान गाया जाता था। यही वजह है कि पहले बच्चों को प्रैक्टिस करानी होती थी, लेकिन अब रोजाना गाएंगे, तो उन्हें राष्ट्रगान अच्छे से आयेगा। सरकार का यह कदम बहुत ही अच्छा है।

–ताहिर अली अंसारी, संचालक, मदरसा कुद्दुसीया जैनुल अबेदीन

## देश सर्वोपरि है, इसलिए राष्ट्रगान जरूरी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मदरसों में भी राष्ट्रगान अनिवार्य कर दिया है, जो काफी सराहनीय है। देश आजाद होने और राष्ट्रगान लागू होने के बाद हर स्कूल में गाया जाता था, लेकिन पता नहीं मदरसों में अब तक राष्ट्रगान क्यों नहीं गाया जाता था। राष्ट्रगान हर पढ़ने वाले बच्चों को जरूर आना चाहिए। मदरसा प्रबंधकों को भी इस फैसले का स्वागत करना चाहिए। देश सर्वोपरि है, इसलिए राष्ट्रगान जरूर गाना चाहिए। यह बहुत ही अच्छा संदेश है और सब लोग इसकी प्रशंसा कर रहे हैं।

–कपिलदेव अग्रवाल, राज्यमंत्री

## देश के प्रति अच्छी प्रेरणा मिलती है

सरकार के आदेश के बाद मदरसों में रोजाना राष्ट्रगान किया जा रहा है। इससे पहले तो कभी–कभी मदरसों में राष्ट्रगान किया जाता था। इससे देश के प्रति प्रेरणा मिलती है और अच्छा संदेश जाता है। –समरीन, छात्रा

## पूर्व एमएलसी हाजी इकबाल की 107 करोड़ की संपत्ति कुर्क

सहारनपुर, १४ मई (एजेंसी)। माफिया के खिलाफ अभियान जारी रहते जिले में विधान परिषद के पूर्व सदस्य और खनन कारोबारी हाजी इकबाल और उसके भाइयों की १०७ करोड़ रुपये की अवैध सम्पत्ति को चिन्हित करते हुए शनिवार को जिला प्रशासन ने कुर्क कर लिया। सहारनपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) आकाश तोमर ने यह जानकारी देते हुए बताया कि हाजी इकबाल की १२५ संपत्तियों को गिरोह बंद अधिनियम के तहत कुर्क किया गया जिसकी कीमत १०७ करोड़ रुपये आंकी गई है। उन्होंने बताया कि प्रशासन की ओर से मुनादी कराते हुए इन जमीनों पर कब्जा कर राज्य सम्पति के बोर्ड लगा दिए गए हैं। तोमर ने बताया कि यह कार्यवाही गिरोहबंद अधिनियम (गैंगस्टर एक्ट) के तहत की गई है। शुक्रवार को ही हाजी इकबाल के पुत्र अलीशान को सहारनपुर जिले की बेहट पुलिस और अपराध शाखा ने दिल्ली के लाजपत नगर से गिरफ्तार कर लिया था। अलीशान, इकबाल और उसके भाई तथा परिवार के अन्य लोगों के विरूद्ध थाना बेहट और मिर्जापुर में कई मामले दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस अलीशान से परिवार के अन्य सदस्यों के छिपे होने की जानकारी लेगी। तोमर ने बताया कि इनकी कुल सम्पति १३५० बीघा है जो हाजी इकबाल, उसके भाइयों और पुत्रों के नाम दर्ज है। उन्होंने बताया कि इससे पहले गत दिनों हाजी इकबाल की २१ करोड़ रुपये की संपत्ति को जिला प्रशासन द्वारा कुर्क की गई थी, जो उसके मुंशी के नाम थी। तोमर ने बताया कि इनकी अभी तक कुल १७४ सम्पतियां कुर्क की जा चुकी है, जिनकी कीमत १२८ करोड़ रुपये है। एसएसपी ने बताया कि हाजी इकबाल ने अनेक बेनामी संपत्तियां अपने रिश्तेदारों और नौकरों के नाम की हैं। पुलिस ने अभी तक हाजी इकबाल की १२८ करोड़ की १७४ संपत्तियां जब्त करने की कार्रवाई की है। बाकी संपत्तियों को भी चिन्हित किया जा रहा है। मामले में अभी भी हाजी इकबाल, उनके बेटे जावेद, वाजिद व अफजाल फरार हैं। हाजी इकबाल और उनके बेटों जावेद, वाजिद, अलीशान, अफजल व सहयोगी पूर्व ब्लॉक प्रमुख राव लईक, नौकर नसीम के खिलाफ मिर्जापुर थाने में गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई की गई थी। इस मामले में राव लाइक और नसीम की गिरफ्तारी हो चुकी है।





**धूप में तप रहे है नौनिहाल, गर्मी की छुट्टी दिला दो डीएम साहब :** मुजफ्फरनगर, १४ मई (बु.)। अभिभावक तो आये दिन धूप में तपते ही रहते हैं, मगर नौनिहालों को अब स्कूल जाने और आने में तो गर्मी का सामना करना ही पड़ रहा है, साथ ही साथ स्कूल के कमरे भी तप जाने के कारण गर्मी से बच्चों का बुरा हाल है। ऐसे में बच्चों के साथ–साथ उनके अभिभावक भी जिलाधिकारी से गुहार लगाते दिखाई पड़ रहे हैं कि गर्मियों की छुट्टियां निश्चित समय से पहले ही करा दी जाये। ज्ञात रहे कि शनिवार को मुजफ्फरनगर में लगभग ४० डिग्री पारा रहा है। ऐसे में रिक्शाओं और स्कूली बसों में आने जाने में ही बच्चों की दुर्दशा हो रही है और अधिकांश स्कूलों में दो या तीन पंखों के दम पर ही ५५–६० बच्चों को एक साथ बैठाकर पढ़ाया जाता है। ऐसे में बच्चे गर्मी से बेहाल हो जाते हैं। इसी सब को देखते हुए बच्चों के अभिभावक छुट्टी की मांग कर रहे हैं। अब देखना यह होगा कि डीएम साहब छुट्टी के आदेश देते हैं।



# गर्मी ने आमजन को झुलसाया

## छतरी व स्कार्फ का लेना पड़ा साया

मुजफ्फरनगर, १४ मई (बु.)। शनिवार को गर्मी अपने चरम पर दिखाई दी और शिमला बनने में अभी बहुत समय लगेगा। ऐसे में आमजन आजकल पहाड़ों की ओर दौड़ लगा रहा है। धार्मिक यात्राएं करने के नाम पर भी लोग पहाड़ी इलाकों में लाखों की संख्या में पहुंच रहे हैं। एक ओर जहां बाबा केदारनाथ एवं बद्रीनाथ पर पहुंचने वाले यात्रियों ने रिकॉर्ड कायम कर दिये, वहीं मसूरी, शिमला, कुल्लु–मनाली, डलहौजी, नैनीताल, चम्बा–खजियार में भी जमकर पर्यटक उतर रहे हैं। इस समय पहाड़ों पर व्यापार करने वाले लोगों की पौ–बारह होती दिखाई दे रही है। चारों तरफ आमजन में इस समय पहाड़ों में जाने की बातें ही की जा रही हैं। ना तो मसूरी, ना ही शिमला, ना ही बद्रीनाथ और केदारनाथ में कमरे उपलब्ध हो पा रहे हैं और यदि कमरे उपलब्ध हो पा रहे हैं, तो जिस कमरे का भाव पिछले वर्ष २००० रुपये हुआ करता था, वह आज १०००० रुपये पर पर्यटक मजबूर होकर ले रहे हैं। ऑनलाईन बुकिंग कराने के लिए भी मसूरी, शिमला आदि क्षेत्रों में कमरे उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में पहाड़ के लोगों ने नया तरीका अपनाया है, अपने घरों को ही होटल का नाम दे डाला। जिन पर्यटकों को होटल में रूम नहीं मिल रहे, वे अब मसूरी के घरों में रात बिता रहे हैं। हालांकि मसूरी का टैम्परेचर भी दिन के समय कुछ कम नहीं बताया जा रहा, लगभग आज कल के दिनों में २७–२८–२६ डिग्री के आस–पास टैम्परेचर दर्ज किया जा रहा है। वह बात अलग है कि शाम होने पर यहां तापमान घटकर २०–२२ के आस–पास रह जाता है। शनिवार को मुजफ्फरनगर में ३६.६ डिग्री पारा दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम २५.५ डिग्री दर्ज किया गया। मगर गर्मी से बेहाल लोगों को ऐसा लग रहा था मानों आज मुजफ्फरनगर सबसे गर्म है। महिलाओं ने चिलचिलाती धूप से बचने के लिए छाते और स्कार्फ का सहारा लिया, वहीं पुरूषों ने सूती कपड़ों के पटके गले में डाल लिये, जो सिर पर रखने व मुंह पर ढकने से गर्मी से काफी राहत दिलाते दिखाई दिये। हालांकि अभी तापमान और बढ़ने के कयास लगाये जा रहे हैं। मौसम विभाग की मानें तो अभी तापमान ४५ डिग्री तक पहुंचेगा। दिल्ली जैसी राजधानी में तो लू की चेतावनी भी जारी की गई है

शेष : पृष्ठ ४ पर

## कीटनाशक का छिड़काव करते समय युवक की मौत

मुजफ्फरनगर, १४ मई (बु.)। खेतों में दवा छिड़कने गए युवक की कीटनाशक के प्रभाव से हालत बिगड़ गई, उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेज दिया है। युवक की मौत से उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि पुरकाजी थाना क्षेत्र के गांव खाईखेड़ी निवासी २६ वर्षीय आयुष पुत्र ओंकार खेतों में दवा छिड़कने के लिए गया था। कीटनाशक के प्रभाव से उसकी हालत बिगड़ गई। आनन–फानन में उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेज दिया है। एक अन्य मामले में छपार थाना क्षेत्र के गांव दतियाना निवासी ५५ वर्षीय सविंद्र कुमार पुत्र महेंद्र किसी कार्य से डीएम कार्यालय आया था, जहां उसकी हालत बिगड़ गई कुछ लोगों ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्यवाही शुरू कर दी है।

## ट्रक की टक्कर लगने से बाइक सवार की मौत

मीरापुर, 14 मई ( बु. )। दिल्ली-पौडी राजमार्ग पर कस्बे में देर रात एक अनियंत्रित ट्रक ने एक बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दो युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए, उपचार के दौरान एक घायल को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव जटवाड़ा निवासी रवि उर्फ विकास पुत्र श्री कृष्ण अपने साथी कल्लू पुत्र सुरेंद्र के साथ शुक्रवार की देर रात बाइक पर सवार होकर मीरापुर से वापस अपने गांव लौट रहा था। जैसे ही इनकी बाइक मीरापुर में दिल्ली-पौडी राजमार्ग पर शर्मा धर्म कांटे के निकट पहुंची, तभी सामने की ओर से आ रहे अनियंत्रित ट्रक के चालक ने इनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर जा गिरे। इस दौरान रवि उर्फ विकास गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि कल्लू को मामूली चोटें आईं। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए जानसठ अस्पताल भिजवाया, जहां पर चिकित्सकों ने उपचार के दौरान रवि को मृत घोषित कर दिया। पुलिस की सूचना पर मृतक के परिजन भी जानसठ अस्पताल पहुँच गए, जिसके बाद पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


**ABHINANDAN ACADEMY**
(A Premier Coaching Institute)

Admission Open

NEW BATCHES FROM 31st MAY

Special Courses Offered

For

CLASS 9th to 10th
- NTSE
- IIT/JEE Foundation
- CBSE BOARD

CLASS 11th to 12th
- IIT/JEE
- NEET
- CBSE BOARD

Mathematics BY Er. Dhiraj Goyal Sir, Ex. Faculty of FIITJEE 14 YEARS of Experience

PHYSICS BY Er.Pradeep Malik Sir, SCIENTIFIC FORUM 17 YEARS of Experience

Chemistry BY Ms. Aakansha Gupta, IIT-JAM QUALIFIED/ GATE NET QUALIFIED 10 YEARS of Experience

Reasoning BY Mr. Harshdeep Kathuria, Ex. Faculty of FIITJEE PRODUCED TOP NTSE RANKS 08 YEARS of Experience

Doon Dumpling School, Near Shani Mandir, Gali No.-11, Gandhi Colony, Muzaffarnagar

8006622757



**S.D. PUBLIC SCHOOL**
PATEL NAGAR, BHOPA ROAD MUZAFFARNAGAR
Affiliated to C.B.S.E., India - Affiliation No. 2130006
Email : sdpsmzn1968@gmail.com Ph. : 0131-2608228

PROVISIONAL ADMISSION OPEN FOR CLASS XI
(Only a few seats available)
●Science ●Humanities ●Commerce

Prospectus will be available at school office from May 19-24, 2022 between 1:00 p.m. to 3:00 p.m. Duly filled form must be submitted latest by May 24, 2022.

Students from recognised English medium schools only will be admitted on the basis of written test to be held on June 1, 2022 from 8:30 a.m. to 11:00 a.m.

ADMISSION STRICTLY ON MERIT

Mrs. Anita Datta, Principal — Mrs. Chanchal Saxena, Director



**THE S.D. PUBLIC SCHOOL**
DWARIKA CITY, JANSATH ROAD, MUZAFFARNAGAR
Affiliated to C.B.S.E., India - Affiliation No. 2133113
E-mail : info@thesdpublicschool.com Ph. : 9997305000/8000

PROVISIONAL ADMISSION OPEN FOR CLASS XI
(Only a few seats available)
●Science ●Humanities ●Commerce

Prospectus will be available at school office from May 19-24, 2022 between 1:00 p.m. to 3:00 p.m. Duly filled form must be submitted latest by May 24, 2022.

Students from recognised English medium schools only will be admitted on the basis of written test to be held on June 1, 2022 from 8:30 a.m. to 11:00 a.m.

ADMISSION STRICTLY ON MERIT

Mrs. Neelam Mahna, Principal — Mrs. Chanchal Saxena, Director



1973-2022

## सम्पादक की क़लम से

# राजनीति, बदलाव, वक़्त

भाजपा ने पिछले 11 महीने में 4 राज्यों के मुख्यमन्त्री बदले हैं। कांग्रेस ने भी बदलाव के लिए चिन्तन शिविर का आयोजन किया। वक़्त अपनी कारीगरी से नेताओं की सारी बदलाव की राजनीति बिगाड़ भी देता है और बना भी देता है। पिछले साल जुलाई 2021 को तीरथ सिंह रावत को हटाकर पुष्कर सिंह धामी को उत्तराखंड का सीएम बनाया था। इसी महीने कर्नाटक के सीएम बीएस येदुरप्पा को इस्तीफ़ा दिलाकर बसव राज बोम्मई को मुख्यमंत्री बनाया था। इसके बाद सितंबर में विजय रूपाणी को हटाकर भूपेंद्र भाई पटेल को गुजरात का मुख्यमन्त्री बनाया है। अब त्रिपुरा के मुख्यमन्त्री बिप्लब कुमार देब ने अपने पद से इस्तीफा दिया है। त्रिपुरा में 2018 में पहली बार भाजपा की सरकार बनी थी, जिसके बाद बिप्लव को मुख्यमन्त्री बनाया गया था। पिछले महीने करीब 14 भाजपा के विधायकों ने गुट बनाकर हाईकमान से शिकायत की थी। हर बार बिप्लब देव की काबिलियत को लेकर निशाना साधा गया। हालांकि, उस वक़्त कोई फैसला नहीं लिया गया था। अब चुनाव को देखते हुए पार्टी ने सख़्त क़दम उठा लिया है। इस्तीफ़े के तुरंत बाद मीडिया के सामने आए बिप्लब ने कहा, पार्टी सर्वोपरि है और मैं एक निष्ठावान कार्यकर्ता हूँ। हाईकमान ने मुझ पर भरोसा जताया था और अब इस्तीफ़ा देने के लिए कहा है, इसलिए मैंने इस्तीफ़ा दे दिया। इस बारे में मैंने पीएम मोदी और अमित शाह से बात कर ली है। उन्होंने कहा कि अभी चुनाव में देरी है। अब मैं पार्टी को मज़बूत करने के लिए काम करूँगा। नया मुख्यमंत्री 2023 चुनाव की तैयारियों के लिहाज से ही तय किया जाएगा। पार्टी इस बार पिछले बार के लोकप्रिय नारे 'चलो पलटाई' से किनारा करते हुए विकास के कामों पर जनता के बीच जाने की योजना बना रही है। बदलाव ज़रूरी है। भाजपा भी बदलाव लाती है और अन्य पार्टियां भी। बदलाव की बात कांग्रेस भी करती है, मगर जिस बदलाव की कांग्रेस को ज़रूरत है वो नहीं किया जाता इसीलिए वक़्त भी कांग्रेस का साथ नहीं दे रहा है। भाजपा के राजनैतिक बदलाव पार्टी के लिए सकारात्मक साबित होते रहे हैं। शत्रुघ्न सिन्हा को टिकट न देना भी बदलाव था, जो पार्टी के पक्ष में गया। कई सालों की सियासी घुटन झेलने के बाद अब ममता बनर्जी की मेहरबानी से उनके अच्छे दिन बस अगले लोकसभा चुनाव तक के लिए आये। यशवन्त सिन्हा को मूल्य नहीं दिया गया यह भी बदलाव था। बदलाव हर पार्टी करती है बस वक़्त की बात है कि किस पार्टी का बदलाव सही बैठता है और किसी का ग़लत।कांग्रेस के चिंतन शिविर में बदलाव की बातें हुईं और शिविर में भी बदलाव नज़र आया। यह वक़्त ही बतायेगा कि जिस बदलाव की कांग्रेस को ज़रूरत है, वह बदलाव हुआ या नहीं। उदयपुर में चल रहे कांग्रेस के चिंतन शिविर में इस बार लगाए गए पोस्ट्र्स कुछ बदले- बदले हैं, यानी पोस्टर्स में बदलाव किया गया है और इस बदलाव पर भाजपा ने तंज़ भी कसा है। आमतौर पर कांग्रेस के शिविरों, अधिवेशनों या सम्मेलनों के पोस्टरों में महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू के साथ गांधी परिवार को तवज्जो दी जाती है या फिर संबंधित प्रदेश के मुख्यमंत्री और प्रदेशाध्यक्ष को। इस बार सड़क के दोनों ओर लगे पोस्टर में महात्मा गांधी, पंडित जवाहर लाल नेहरू, मनमोहन सिंह के साथ स्वतंत्रता सेनानियों को भी बराबर महत्व दिया गया है। पोस्टर में कांग्रेस का बदलाव चर्चा का मुद्दा बना हुआ है। भाजपा ने कई बार आरोप लगाए हैं कि कांग्रेस, पंडित नेहरू, इंदिरा गांधी, सोनिया गांधी को याद करती है, लेकिन पीवी नरसिम्हा राव, सुभाष चंद्र बोस, लाला लाजपत राय जैसे नेताओं और स्वतंत्रता सेनानियों को योगदान भूल गई है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि कांग्रेस ने इन पोस्टर के जरिए परिवारवाद के आरोपों का मौन जवाब देने की कोशिश की है। उदयपुर एयरपोर्ट से से लेकर शहर में कई जगह ऐसे पोस्टर लगाए गए हैं। पोस्टर्स में मनमोहन सिंह के साथ पीवी नरसिम्हा राव हैं, मौलाना अबुल कलाम आज़ाद के साथ बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर हैं, डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद के साथ लाल बहादुर शास्त्री हैं, गोपाल कृष्ण गोखले के साथ भगत सिंह हैं, पंडित जवाहर लाल नेहरू के साथ सरदार वल्लभ भाई पटेल हैं, लाला लाजपत राय के साथ महात्मा गांधी हैं, रवींद्र नाथ टैगोर के साथ सुभाष चंत्र बोस हैं, सरोजनी नायडू भी पोस्टर में मौजूद हैं। पोस्टर में बदलाव को लेकर अजय माकन ने कहा कि पार्टी ने इन बड़े और पुराने नेताओं और स्वतन्त्रता सेनानियों को हमेशा याद रखा है। भाजपा और आरएसएस वाले आज़ादी की लड़ाई में दूर-दूर तक नहीं दिखाई दिए। अब बातें करते हैं और आरोप लगाते रहते हैं। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि भाजपा राष्ट्रवाद का दिखावा करती है। हमारे नेताओं ने आज़ादी के लिए कुर्बानी दी। तब संघवाले और भाजपा के कौन से नेता शामिल हुए? हमारे नेताओं को हमेशा याद रखा जाएगा। चिंतन शिविर में ट्रांसजेंडर्स को कांग्रेस से जोड़ने पर फोकस करने का सुझाव दिया गया है। सामाजिक न्याय से जुड़े चिंतन शिविर के ग्रुप ने इसका सुझाव दिया है। हरियाणा कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष कुमारी शैलजा ने कहा कि कई वंचित वर्ग को भी कांग्रेस से जोड़ा जाएगा। ट्रांसजेडर्स को पार्टी से जोड़ने पर भी खास जोर दिया जाएगा, वे भी हमारे समाज का हिस्सा हैं और उनका हक़ है। पार्टी में वंचित वर्ग का आरक्षण होगा। चिंतन शिविर में नेताओं ने माना है कि कांग्रेस ने बदलते वक़्त के हिसाब से खुद को अपडेट नहीं किया, इस वजह से भारी नुकसान उठाना पड़ा है। कांग्रेस में संगठन के लेवल पर बदलावों की सिफारिश की गई है। जनता के बीच लगातार रहने और पकड़ बनाने के लिए बूथ स्तर और ब्लॉक स्तर पर ज़्यादा काम करने का सुझाव दिया है। बूथ और ब्लॉक के बीच मंडल बनाए जाने हैं। भाजपा नेता, सतीश पूनिया ने चिंतन शिविर के बदले हुए पोस्टर्स पर तंज़ कसते हुए कहा कि ये कांग्रेस की नेहरू-गांधी खानदान की छाया से बाहर निकलने की विफल कोशिश है। कांग्रेस ने सुभाष चंद्र बोस को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से रोका। नरसिम्हा राव जिस सम्मान के हकदार थे, उन्हें कभी नहीं दिया गया। महापुरुषों के पोस्टर अपने नेताओं के साथ लगाना महज कांग्रेस का दिखावा है। अंदर नीयत वंशवाद ही को पोषित करने की है।

## चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

### नेता, सियासत, नाम, पद

बाप ने जिसको नेता बनाया, बाप को भी वो ले डूबा,
दो कौड़ी की उसकी सियासत, पहले भी थी अब भी है।
एक ने अच्छा नाम कमाया, दूजा अच्छे पद पर था,
लेकिन उनमें ख़ास जहालत, पहले भी थी अब भी है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 2 लाख 16 हजार 599 मामले निस्तारित

## ❑जिला जज चवन प्रकाश ने किया शुभारंभ, कोर्ट में लम्बित 8 मामलों का किया निस्तारण

मुजफ्फरनगर, 14 मई ( बु. )। शनिवार को कचहरी में जनपद न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चवन प्रकाश द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 02 लाख 16 हजार 599 मामले निस्तारित किए गए, जिसमें से जिला जज चवन प्रकाश द्वारा स्वयं अपनी कोर्ट में लम्बित 8 मामलों का निस्तारण किया।

शुभारंभ अवसर पर जनपद न्यायाधीश चवन प्रकाश ने अपने सम्बोधन में राष्ट्रीय लोक अदालत की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्देश्य वास्तव में वादकारियों को सरल, सुलभ एवं त्वरित न्याय प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि ऐसे में वादकारी आपसी समझौते के आधार पर वाद का निस्तारण करते हैं, तो उनके मध्य आपसी सौहार्द्र बने रहने के साथ उनके अमूल्य समय की बचत भी होती है।

लोक अदालत के नोडल अधिकारी एडीजे शक्ति सिंह ने बताया कि न्याय सबके लिए की परिकल्पना को चरितार्थ करने हेतु राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। उनके द्वारा यह कहा गया कि लोक अदालत विवादों को समझौते के माध्यम से निपटाने व त्वरित न्याय प्राप्त करने का एक अत्यन्त महत्वपूर्ण साधन है। इस बार लोक अदालत को सफल बनाने को जनपद में हजारों लोगों की आबादी से संवाद कायम किया या एवं उन्हें लोक अदालत के माध्यम से होने वाले लाभों के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। उनके द्वारा यह बताया गया कि बड़ी संख्या में लोक अदालत में वर्षों पुराने मामले निस्तारित हुए, जिसमें कुछ प्रकरण लगभग 10 वर्ष पुराने हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव मयंक जायसवाल ने बताया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 02 लाख 16 हजार 599 मामले निस्तारित किए गए, जिसमें से जिला जज चवन प्रकाश द्वारा स्वयं अपनी कोर्ट में लम्बित 8 मामलों का निस्तारण किया गया। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय पंकज अग्रवाल की अध्यक्षता में सभी पारिवारिक न्यायालयों में 63 मामलों के निपटारे के साथ 26,50,000 रुपये समझौता धनराशि के रूप में दिलाए गये। वहीं परिवार न्यायालय से 21 युगल साथ साथ रहने पर सहमति के आधार पर न्यायालय से विदा किये गये। वहीं पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण मलखान सिंह द्वारा 123 मामलों का निस्तारण कर 2,06,2500 रुपए की धनराशि प्रतिकर के रूप में दिलायी गयी। डीएम चन्द्र भूषण सिंह के नेतृत्व में राजस्व अधिकारियों ने 19,257 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न बैंकों, भारत संचार निगम लिमिटेड आदि के द्वारा सक्रिय सहभागिता की गयी। भारत संचार निगम लिमिटेड के द्वारा 53 मामलों का समझौते के आधार पर निस्तारण किया तथा बैंकों के द्वारा 1180 बैंक ऋण मामले निस्तारण करा कर कुल धनराशि 10 करोड़ 69 लाख 31 हजार रुपये धनराशि का सेटलमेंट किया गया। लोक अदालत में आने वाले समस्त वादकारियों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं कोविड वैक्सीनेशन के साथ ही भोजन की व्यवस्था की लोक अदालत में की गई। दिव्यांगजनों को स्वचालित व्हीलचेयर प्रदान की गयी। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय पंकज अग्रवाल, अपर जिला जज प्रथम जय सिंह पुंडीर, अपर जिला जज एवं नोडल अधिकारी लोक अदालत शक्ति सिंह, पंजाब नेशनल बैंक के सर्किल हैड विशाल अग्रवाल, भारतीय स्टेट बैंक के आरएम दिग्विजय शर्मा, जिला बार के अध्यक्ष मौ. वसी अंसारी, सिविल बार अध्यक्ष मनोज कुमार शर्मा एवं महासचिव सुनील कुमार मित्तल सहित समस्त न्यायिक अधिकारी एवं समस्त बैंकों के अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन नोडल अधिकारी एवं अपर जिला जज शक्ति सिंह द्वारा किया गया। प्रभारी सचिव मयंक जायसवाल द्वारा सभी अधिकारियों का उनके लोक अदालत में योगदान हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर आमजन की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए पेयजल हेतु एक नवीन वाटर कूलर भी जनता को समर्पित किया गया।





लोक अदालत कार्यक्रम में मंचासीन जिला जज व अन्य तथा अपनी समस्याओं के समाधान कराने को उमड़ी भीड़। —फोटो बुलेटिन

# मुजफ्फरनगर की पोटहोल रिपेयर मशीनों से होगी सड़कों की मरम्मत

## ❑सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी ने किया मशीन का शुभारंभ

मुजफ्फरनगर, १४ मई (बु.)। टूटी सड़कों की मरम्मत और गड्ढे भरने का कार्य तेज गति से करने में मशीनों की पूर्ण तकनीक का सहारा लिया जाएगा। केंद्र सरकार की वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद के अंतर्गत केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान द्वारा डिजाइन की गई इन मशीनों का निर्माण मुजफ्फरनगर की मै. पेट्रोकेम स्पेसिलिटिज कंपनी करेगी। कंपनी में निर्माण की गई पोटहोल रिपयेर मशीन और मोबाइल कोल्ड मिक्सर कम पेवर मशीन का शुभारंभ सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी ने किया।



मै. पेट्रोकेम स्पेसिलिटिज के प्रवक्ता अतुल जैन ने बताया कि दिल्ली—मथुरा रोड स्थित सीआरआरआई परिसर में देश में टूटी सड़कों की जल्द मरम्मत तथा गड्ढ़ों को तेज गति से भरने के लिए निर्माण की गई पोटहोल रिपेयर मशीन और मोबाइल कोल्ड मिक्सर कम पेवर मशीनों का शुभारंभ कार्यक्रम हुआ। इसमें सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी ने नारियल फोड़कर सड़कों पर उतरने की अनुमति प्रदान की। इस दौरान मुजफ्फरनगर निवासी एवं कंपनी के निदेशक मनीष अग्रवाल को भी सम्मानित कर तेजी से मशीनों का निर्माण कर सड़कों पर उतारने का कहा गया। उन्होंने बताया कि इन मशीनों से कार्य करने का उद्देश्य सड़कों की मरम्मत के कार्य में तेजी और पर्यावरण को बचाना है। मशीनों के निर्माण करने वाली कंपनी के निदेशक मनीष अग्रवाल ने बताया कि अभी तक सड़कों के गड्ढे भरने के लिए मैन्युअली साफ—सफाई की जाती है। इसके बाद गर्म तारकोल डालकर गिट्टी डालकर ऊपर से रोलर चलाया जाता है। इसमें समय, मजदूरी एवं व्यय अधिक होता है और गुणवत्ता सुनिश्चित नहीं हो पाती है, जबकि यह मशीनें टूटी सड़कों का कम समय में वैज्ञानिक तरीके से ठीक करते हुए बेहतर परिणाम देती हैं। इस दौरान विज्ञान प्रौद्योगिकी मंत्री डा. जितेंद्र सिंह, राज्यमंत्री डा. वीके सिंह, सीएसआईआर— सीआरआरआई की निदेशक डा. रंजना अग्रवाल भी मौजूद रहे, जिन्होंने मुजफ्फरनगर को उद्योग के क्षेत्र में बड़ी पहचान मिलने पर बधाई दी।

## खतौली के ग्राम जौहरा में टीम ने जाना सच, किया निरीक्षण

मुजफ्फरनगर, 14 मई ( बु. )। शनिवार को डीएम के निर्देशानुसार जिला सामुदायिक विशेषज्ञ सुशील कुमार के साथ जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार गौंड द्वारा खतौली ब्लॉक के ग्राम जौहरा में आयोजित सत्र का निरीक्षण किया गया। इस बीच सभी एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकत्री, सहायिका और आशा अपनी आवश्यक डिवाइस एवं अभिलेखों के साथ में उपस्थित मिले। निरीक्षण के दौरान मौके पर उपस्थित ग्राम प्रधान से ग्राम में हो रहे टीकाकरण के साथ ही सरकार की महत्वाकांक्षी तमाम योजनाओं के साथ लाभार्थियों को राशन वितरण, आंगनवाड़ी केंद्र संचालन तथा गांव स्तर पर कुपोषण के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। निरीक्षण के दौरान मौजूद रही आंगनवाड़ी कार्यकत्री, एएनएम द्वारा अधिकारियों को बताया गया कि ग्राम में कोई कुपोषित बच्चा वर्तमान में नहीं है। इस बीच ग्राम प्रधान उपर्युक्त स्थिति से संतुष्ट थे। ग्राम में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के लिए एक भी विभागीय भवन न होने पर ग्राम प्रधान से यथाशीघ्र भूमि प्रस्ताव उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। सत्र पर उपस्थित गर्भवती महिलाओं एवं धात्री महिलाओं को आवश्यक जानकारी दी गई। टीम के गृह भ्रमण के दौरान एक गर्भवती महिला जिसकी कोई भी जांच नहीं हुई थी, उसे तत्काल सत्र पर ले जाकर अधिकारियों के निर्देश पर सरकार से दी जा रही समस्त जरुरी जांच कराई।

# बेटों से परेशान ९९ वर्षीय वृद्ध महिला अपनी फरियाद लेकर पहुंची

कैराना, १४ मई (बु.)। थाना समाधान दिवस के दौरान गांव बीनडा निवासी ६६ वर्षीय राम प्यारी नाम की एक विधवा वृद्ध महिला पहुंची। वृद्ध महिला ने सीओ बिजेंद्र सिंह भड़ाना को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसके पति की मृत्यु हो चुकी है व उसके सात पुत्र मौजूद हैं। उसके किसी भी पुत्र द्वारा आज तक कोई गुजारा भत्ता, दवाई, खर्च व रहने के लिए कोई निश्चित स्थान आदि नहीं दिया गया। वह अपना जीवन यापन बड़ी मुश्किल से कर रही हैं। उसके परिवार का एक युवक तथा उसकी पत्नी उसकी देखभाल करते हैं, लेकिन उसके पुत्र उनके साथ गाली—गलौच कर मारपीट करते हैं। वह अपने मकान में अलग रहती है। पुत्रों से मकान का कोई वास्तव व सरोकार नहीं हैं। मकान हड़पने की नीयत से उसके पुत्र उसे परेशान करते रहते हैं तथा जान से मारने की धमकी देते हैं। महिला ने पुलिस से कार्यवाही कराने की गुहार लगाई, जिसके बाद पुलिस क्षेत्राधिकारी ने संबंधित हल्का दरोगा को मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्यवाही के लिए निर्देशित किया।


आवश्यकता है

नई मण्डी मुजफ्फरनगर में आवश्यकता है, योग्य पुरुष अकाउंटेंट की, जिसको टैली + जीएसटी का 5-6 वर्ष का अनुभव हो, जो स्वतंत्र रूप से ऑफिस सम्भाल सके।

सम्पर्क करें
M. 8595716535
9634129958



अंग्रेजी बोलना सीखें

सेन्ट जोन्स इंग्लिश इंस्टीट्यूट

To Become Perfect in English Spoken & Writing Join
St. JOHN'S ENGLISH INSTITUTE
Gandhi Colony, Muzaffarnagar
9411448659
7417541200


# राज्यमंत्री ने जाना कंपनी बाग की व्यवस्थाओं का सच

मुजफ्फरनगर, 14 मई ( बु. )। नगर विधायक एवं प्रदेश के व्यवसायिक शिक्षा व कौशल विकास राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने शनिवार को मॉर्निंग वॉक करते हुए मेरठ रोड स्थित कंपनी बाग का हाल जाना और यहां की समस्याओं के निदान के साथ संबंधित अधिकारियों को यहां उपलब्ध सुविधाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। शनिवार को नगर विधायक एवं प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने प्रातःकाल मुजफ्फरनगर में मेरठ रोड स्थित कंपनी बाग में मॉर्निंग वॉक के दौरान यहां आए स्थानीय लोगों से वार्ता की और उनका कुशलक्षेम जाना। कौशल विकास राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कंपनी बाग में इस दौरान पालिका प्रशासन द्वारा दी रही सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए यहां की सुविधाओं की सुदृढ़ता के लिए पालिका एवं विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि नगर क्षेत्र में कंपनी बाग सबसे पुराना एवं मॉर्निंग वॉक के लिए बेहतर स्थान है, जहां नगर क्षेत्र से बड़ी संख्या में बुजुर्ग, महिला व पुरुषों के अलावा युवा और बच्चे सुबह और सायं के वक्त घूमने के लिए आते हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र की जनता को बेहतर सुविधा के साथ स्वस्थ्य वातावरण देने को संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं, ताकि यहां आए हुए लोगों को राहत के साथ बेहतरी महसूस हो सकें।



## भ्रष्टाचार से परेशान युवक ने किया सुसाइड

चेन्नई, १४ मई (एजेंसी)। एक युवक ने रिश्वत की मांग के चलते खुदकुशी कर ली। सुसाइड करने से पहले उस युवक ने सुसाइड नोट लिखा जिसमें उसने डीएमके नेता पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत रिश्वत मांगने का आरोप लगाया। थिरुवरुर ननिलम इलाके में रहने वाले २५ साल के युवक ने खुदकुशी कर ली। खुदकुशी से पहले उसने एक वीडियो भी रिकार्ड किया। इस वीडियो में मनिकरनन नाम के उस युवक ने कहा कि उसने घर बनाने के लिए १.७७ लाख रुपये के लोन का आवेदन किया था। मनिकरनन का आरोप है लोन की रकम जारी करने के बदले वो शख्स लगाातर उससे घूस मांग रहा था। आरोप है कि लोन ऑब्जरवर टीएमसी का नेता है।

## क्रांति सेना ने त्रिशूल यात्रा को लेकर किया जनसंपर्क

मुजफ्फरनगर, 14 मई ( बु. )। आगामी 1 जून को मुजफ्फरनगर में होने जा रहे त्रिशूल मार्च की तैयारियों को लेकर शनिवार को क्रांति सेना के पदाधिकारियों ने शामली क्षेत्र के कई गांवों का दौरा किया। इस दौरान गांव महावतपुर में क्रांति सेना की संपन्न बैठक का में दो दर्जन से अधिक युवाओं ने क्रांति सेना की सदस्यता ग्रहण करते हुए हिन्दुत्व के लिए संघर्ष को हर मोर्चे पर संघर्ष का संकल्प दोहराया। क्रांति सेना प्रदेश महासचिव मनोज सैनी एवं शामली जिला अध्यक्ष कुलदीप शर्मा ने संपन्न बैठक में रवि कुमार पुंडीर को क्रांति सेना के ग्राम प्रमुख की जिम्मेदारी देते हुए भगवा पटका पहनाकर क्रांति सेना परिवार का हिस्सा बनने पर उनका स्वागत किया। इस दौरान मुख्य रूप से राजेश कश्यप महासचिव, बसंत कश्यप नगर उपाध्यक्ष, शैलेंद्र शर्मा कार्यालय प्रभारी, प्रदुमन भगत, रवि कुमार, मुकेश कुमार, गौरव, कुलदीप शर्मा, शुभम पुंडीर, विवेक पुंडीर, मोनू राणा, विपिन राणा, राजू राणा कैडी, योगेश कुमार, मोहित राणा, बादल पाल, निखिल पाल, राजेंद्र, देव कुमार, अमित सैनी खरड़ आदि मौजूद रहे।


अधिवेशन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि परोपकारी सेवा समिति रजि. शहर श्मशान घाट का वार्षिक अधिवेशन दिनांक 22.05.2022 दिन रविवार शाम 4:00 बजे श्मशान घाट, नदी रोड, मुजफ्फरनगर पर होना निश्चित हुआ है। समस्त आजीवन सदस्यों से अनुरोध है कि समय पर पधारने की कृपा करें।

शिवचरण गर्ग
(मंत्री)



आवश्यकता है

दुकान पर काम करने वाले सेल्समैनों की, जिन्हें 3 से 5 वर्ष का अनुभव हो।
जैसे- स्टील के बर्तन, क्रॉकरी का सामान, गिफ्ट आइटम, प्लास्टिक का सामान, इलेक्ट्रिक सामान आदि के लिए।
वेतन : योग्यतानुसार

जैन क्रॉकरी गैलरी
पीर के पीछे, भगत सिंह रोड, मुजफ्फरनगर
8954040884
9897714623


## युवती के साथ बहन के देवर ने किया दुराचार

कैराना, १४ मई (बु.)। युवती की बहन के देवर ने शादी का झांसा देकर तीन साल तक संबंध बनाये। शादी से इंकार करने के बाद भी एक दिन पहले आरोपी ने युवती के साथ जबरदस्ती दुराचार किया। युवती की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी। क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया कि उसकी बड़ी बहन की शादी रामड़ा निवासी युवक के साथ हुई थी। पिछले तीन साल से उसकी बहन का देवर शादी करने का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बना रहा था। उसने जब शादी करने की बात कही, तो आरोपी ने बताया कि उसका रिश्ता गांव भूरा निवासी लड़की के साथ तय हो गया, जिसके बाद उसने आरोपी से बात करनी बंद कर दी। शुक्रवार रात करीब १० बजे वह घर पर अकेली थी। इसी दौरान आरोपी ने उसके साथ जबरदस्ती दुराचार किया और धमकी देते हुए फरार हो गया। कोतवाली प्रभारी अनिल कपरवान ने बताया कि युवती की तहरीर पर आजम निवासी गांव रामड़ा थाना कैराना के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। युवती को मेडिकल के लिए भेजा गया है।


आवश्यकता है

सेल्स एग्जीक्यूटिव/सेल्स मैनेजर-10
E-Commerce मैनेजर-02
सेल्स गर्ल-05 योग्यता-ग्रेजुएट

दिल्ली मुजफ्फरनगर U.P.
हरियाणा उत्तराखण्ड पंजाब हेतु

प्रतिष्ठित ज्वैलरी कंपनी को मार्केटिंग हेतु योग्य उम्मीदवारों की आवश्यकता है।

अपना resume तुरन्त मेल करें-
manoj.punder@gmail.com
Mob.: 9219616420



वशिष्ठ हॉस्पिटल (मल्टी स्पेशलिटी)

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आयुष्मान कार्ड लाभार्थियों के लिए निःशुल्क सुविधा जनरल सर्जरी-दूरबीन द्वारा पेट की सभी सर्जरी की सुविधा उपलब्ध।

आयुष्मान योजना - मुफ्त ऑपरेशन सुविधा

सर्जरी विभाग की सुविधाएं
- सभी ओपन ऑपरेशन व दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा
- पित्त की थैली
- अपेन्डिक्स, हार्निया
- गुर्दे की पथरी PCNL
- गदूद का ऑपरेशन TURP
- URS
- लैप्रोटमी
- 5 लाख तक का ईलाज मुफ्त करायें।

वशिष्ठ हॉस्पिटल
जानसठ रोड, निकट अलमासपुर चौक, मुजफ्फरनगर
फोन : 0131-2602811, मोबाइल : 8923768093



HOLY ANGELS' CONVENT SCHOOL, MUZAFFARNAGAR
Nirmal Shishu Bhawan (Kindergarten)
Opp. Old Bhopa Bus Stand, Muzaffarnagar (UP)

ADMISSION OPEN (2022-23)

only for Nursery

Forms will be available on
www.holyangel.in
from 25th to 30th May, 2022
Registration form must be submitted online.

Age Criteria
The child should be born between 1st October 2018 and 1st April 2019.

Registration fee 500/-*

Office In-charge
Nirmal Shishu Bhawan

The classes will begin from July, 2022.
* Registration fee : non-refundable or non-adjustable.

# अवैध शराब कारोबार करने वाले पांच तस्कर गिरफ्तार, लाखों की शराब बरामद

❑सिविल लाइन पुलिस और एसओजी की कार्रवाई में भारी मात्रा में अंग्रेजी और देशी शराब मिली
❑शराब की तस्करी में प्रयुक्त होने वाली दो कारों को भी पुलिस ने किया जब्त

मुज़फ़्फ़रनगर, 14 मई ( बु.)। अवैध शराब बनाने वालों के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत सिविल लाइन थाना पुलिस और एसओजी टीम ने एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ किया है। गाजियाबाद और मेरठ के 5 तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से लाखों की अंग्रेजी और देशी शराब के अलावा काफी मात्रा में अपमिश्रित शराब, होलोग्राम, विभिन्न ब्रांडों के रैपर बरामद किए हैं। शराब की तस्करी में प्रयुक्त होने वाली दो कारों को भी पुलिस ने जब्त किया है। आरोपी यूपी और दिल्ली में अवैध रूप से बनाई गई शराब की आपूर्ति करते थे। पुलिस अधीक्षक नगर अर्पित विजयवर्गीय ने सीओ सिटी कुलदीप सिंह के साथ इस गुडवर्क को मीडिया से साझा किया। उन्होंने बताया कि थाना सिविल लाइन और एसओजी की टीम ने संयुक्त रूप से अवैध शराब के कारोबार का भंडाफोड़ किया है। इससे पहले भी अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है, इसी कड़ी में पुलिस ने इन लोगों पर नज़र बनाकर रखी हुई थी। इस गिरोह के 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनकी पहचान राजीव गोयल, उज्ज्वल शर्मा, तरुण कुमार, विक्रांत दूंगर, मनमोहन सिंह के रूप में हुई है। राजीव, उज्ज्वल और तरुण मेरठ के रहने वाले है, जबकि विक्रांत और मनमोहन गाजियाबाद के निवासी हं। इनसे पूछताछ के मुताबिक इनका कोई एक ठिकाना नहीं था। डिमांड के हिसाब से यह किसी भी बिल्डिंग या खंडहर में अपना काम शुरू कर देते थे। इनके कब्जे से 18 पेटी अवैध शराब, 200 लीटर ईएनए, 200 लीटर



अपमिश्रित शराब, अलग-अलग मार्का के 49 हजार ढक्कन, 17 हजार होलोग्राम और 4 हजार प्लास्टिक के खाली पव्वों के अलावा शराब बनाने के उपकरण बरामद किए गए, जिन कारों के माध्यम से ये लोग शराब को सप्लाई किया करते थे, उन दोनों कारों को सीज किया गया है। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है कि इनके गिरोह में और कौन-कौन लोग हैं और कहां-कहां ये शराब सप्लाई किया करते थे। इनके खिलाफ पहले भी कई मुकदमे दर्ज हैं। इस पूरे माल की कीमत करीब 50 लाख रुपये बताई गई है।

## ज्ञानपुर विधायक को जान से मारने की धमकी का वीडियो वायरल

भदोही, १४ मई (एजेंसी)। ज्ञानपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक विपुल दुबे को जान से मारने की धमकी देने का वीडियो वायरल हो रहा है। सूचना पर शनिवार को पुलिस ने दो लोगों को हिरासत लिया है। जांच सीओ ज्ञानपुर कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि पिछले चार दिनों से सोशल मीडिया पर विधायक विपुल दुबे को जान से मारने की साजिश रचने का एक वीडियो वायरल हो रहा है। विपुल के समर्थकों ने शुक्रवार को एसपी डॉ. अनिल कुमार को इससे अवगत कराया। एसपी ने उन्होंने सीओ ज्ञानपुर को जांच की जिम्मेदारी दी। करीब ढाई मिनट के वीडियो में तीन–चार लोग आपस में बात कर रहे हैं। वीडियो में एक व्यक्ति जिसका चेहरा वीडियो की तरफ ही है, वह ठेकेदारी और पैसे की कुछ बात करते हुए अपने किसी भरोसेमंद व्यक्ति से विधायक को रास्ते से हटाने की बात कह रहा है। इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती ने बताया कि अभी केस दर्ज नहीं किया गया है। दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ की जा रही है। जल्द ही मामले का पटाक्षेप कर दिया जाएगा।

## ज्ञानवापी परिसर में चार घंटे सर्वे

वाराणसी, १४ मई (एजेंसी)। ज्ञानवापी प्रकरण में अदालत के आदेश पर शनिवार को मस्जिद परिसर के अंदर सर्वे शुरू हो गया। पहले दिन मस्जिद की पश्चिमी दीवार और तहखाने के चार कमरों की वीडियो और फोटोग्राफी हुई। कमरों की दीवारों व दरवाजों की मापी कराई गई। दीवारों पर अंकित आकृतियों की स्थापत्य शैली को रिकॉर्ड में लिया गया। सर्वे के दौरान तीनों कोर्ट कमिश्नर–अजय कुमार मिश्र, विशाल सिंह और अजय प्रताप सिंह सहित ५२ लोग मौजूद थे। इनमें जिलाधिकारी कौशलराज शर्मा तथा पुलिस आयुक्त ए.सतीश गणेश भी थे। कोर्ट कमिश्नर व पक्षकार पुलिस की सुरक्षा के बीच सुबह साढ़े सात बजे ज्ञानवापी परिसर पहुंच गए थे। सुबह आठ बजे से चार घंटे तक सर्वे चला। इस दौरान मस्जिद के तहखानों के दो कमरों के ताले तो खुल गए जबकि दो कमरों के ताले तोड़ने पड़े। सर्वे के संबंध में किसी ने कुछ बोलने से इनकार कर दिया। कोर्ट कमिश्नर व अधिवक्ताओं ने कहा कि यह विधिक प्रक्रिया है, जिस पर बोलना उचित नहीं है। डीएम ने बताया कि ५० फीसदी सर्वे पूरा हो गया है। अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी ने चाबी सौंप दी थी। सभी पक्षों ने कमीशन की कार्यवाही में मदद की। सभी संतुष्ट हैं। किसी की ओर से आपत्ति नहीं हुई है। रविवार को भी कार्यवाही जारी रहेगी। कोर्ट कमीशन के सर्वे के दौरान विश्वनाथ मंदिर का मुख्य द्वार (छत्ताद्वार) सुबह से दोपहर एक बजे तक बंद था। हालांकि मंदिर में दर्शन–पूजन जारी रहा। भक्तों को ढुंढिराज गली, सरस्वती फाटक और गंग द्वार से मंदिर में प्रवेश मिला।

## ३१ तक चलेगा बजट सत्र, २६ मई को होगा बजट पेश

लखनऊ, १४ मई (एजेंसी)। योगी आदित्यनाथ सरकार के दूसरे कार्यकाल का पहला विधानमंडल बजट सत्र २३ मई से शुरू होगा और उसमें २६ मई को बजट पेश होगा। सत्र का ३१ मई तक चलेगा। विधानसभा सचिवालय ने शनिवार को विधानसभा का तिथिवार कार्यक्रम जारी कर दिया। विधानमंडल सत्र की शुरूआत राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के अभिभाषण से होगी। वे २३ मई को दोनों सदनों के समक्ष अभिभाषण पेश करेंगी। इसके बाद २४ व २५ मई को अभिभाषण पर आए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होगी। २६ मई को वित्तमंत्री सुरेश खन्ना वित्तीय वर्ष २०२२–२०२३ के लिए सदन में बजट प्रस्तुत करेंगे। २७ मई को भी अभिभाषण पर चर्चा होगी। जबकि २८ मई व ३० मई को बजट पर साधारण चर्चा होगी। २९ को बैठक नहीं होगी। ३१ मई को बजट पास कराया जाएगा। इसके आगे का कार्यक्रम बाद में तय होगा।

## अमृतसर के गुरु नानक देव अस्पताल में लगी बड़ी आग

अमृतसर, १४ मई (एजेंसी)। गुरु नानक देव अस्पताल की ओपीडी के पिछली ओर शनिवार दोपहर अचानक आग लग गई। ट्रांसफार्मर में हुई लीकेज के बाद लगी यह आग इतनी भयानक थी कि इसकी लपटें बहुत दूर से ही दिखाई दे रही थी। इसके कुछ ही देर बाद अस्पताल के सभी वार्ड धुएं से भर गए और मरीजों का सांस लेना भी मुश्किल होने लगा। अस्पताल प्रबंधन और फायर ब्रिगेड की टीमों ने भारी मशक्कत के बाद मरीजों को वहां से सुरक्षित बाहर निकाला। अस्पताल में आग लगने की सूचना मिलते ही कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ, विधायक डॉ. कुंवर विजय प्रताप सिंह और डा. अजय गुप्ता मौके पर पहुंच गए। घटनास्थल पर पहुंची फायर ब्रिगेड की छह गाड़ियों की मदद से करीब ३६ फायर कर्मचारियों ने दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

## तीन पुलिसकर्मियों की हत्या के बाद एनकाउंटर में दो आरोपी मार गिराये

गुना, १४ मई (एजेंसी)। मध्य प्रदेश के गुना जिले में शिकारियों से हुई मुठभेड़ में तीन पुलिसकर्मियों की मौत के बाद सरकार अलर्ट मोड पर है। तत्काल आरोपियों पर सख्ती करना शुरू हो गया है। क्रॉस फायरिंग में नौशाद नामक शिकारी पहले ही मारा जा चुका था। पुलिस को सूचना मिली थी कि दूसरा आरोपी शहजाद पहले पहाड़ पर छुपा हुआ है। शाम के समय पुलिस ने एनकाउंटर में शहजाद को मार दिया है। आरोपी शहजाद ने पुलिस पर ८ राउंड फायर किए थे।

शेष : गर्मी ने आमजन...

और फिलहाल भी यहां ४० से ४६ डिग्री तापमान बना हुआ है। गर्मी के तीखे तेवर मौसम विभाग के अनुसार अगले पांच दिन इसी तरह के बने रहेंगे, जिनमें मैदानी इलाकों में जमकर लू का प्रकोप जारी रहेगा। फिलहाल शनिवार को चिलचिलाती धूप ने लोगों को ४५ डिग्री तापमान का अहसास कराने को मजबूर कर दिया। सड़कों पर भी सन्नाटा पसरा दिखाई दिया। बाजार में ग्राहक एका-एक पूरी तरह नदारद हो गया, सिर्फ ठण्डे पेय पदार्थ कोल्ड ड्रिंक्स, लस्सी, मीठे शेक, कुल्फी, जलजीरा, गन्ने का रस आदि के दुकानदारों पर भीड़ दिखी। बाकी अन्य बाजार में पूरी तरह सन्नाटा पसरा हुआ था। फिलहाल मई और जून तक ऐसी ही गर्मी पड़ने के आसार दिखाई पड़ रहे हैं।

## युवती ने की गंगनहर में कूदकर आत्महत्या

मुजफ्फरनगर, १४ मई (बु.)। चौधरी चरण सिंह मुख्य कांवड़ सड़क मार्ग पर नगला बुजुर्ग गांव के निकट युवती ने नहर की झाल में कूदकर आत्महत्या कर ली। गोताखोरों की मदद से पुलिस द्वारा युवती के शव को तलाश किए जाने का प्रयास किया जा रहा है। नहर पुल पर ग्रामीणों की काफी भीड़ लगी रही। शनिवार की देर शाम चौधरी चरण सिंह मुख्य कांवड़ सड़क मार्ग पर नगला बुजुर्ग गंग नहर झाल के पुल से युवती ने नहर में कूदकर आत्महत्या कर ली। सड़क मार्ग से गुजर रहे लोगों ने साहस का परिचय देते हुए युवती को बचाने का प्रयास किया। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा युवती के शव को गहरे पानी में तलाश कराया जा रहा है। अंधेरा होने के कारण युवती के शव को तलाशने में काफी दिक्कतें आ रही है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार देर शाम एक अज्ञात युवती गंगनहर झाल के पुल पर आई और कुछ देर इधर–उधर टहलने के बाद उसने अचानक से गंगनहर में छलांग लगा दी। सड़क मार्ग से गुजर रहे लोगों ने युवती को नहर में छलांग लगाता देख शोर मचा दिया। कुछ युवकों ने साहस का परिचय देते हुए युवती के नहर में छलांग लगाते ही उसके शव को तलाशना शुरू कर दिया। वहीं पुलिस के द्वारा गोताखोरों की मदद से युवती के शव को गहरे पानी में तलाशा जा रहा है। अंधेरा होने के कारण ग्रामीणों को शव तलाशने में काफी दिक्कतें आ रही है। समाचार लिखे जाने तक युवती का शव बरामद नहीं हो सका था।

### युवक ने पर्दाफाश झील में कूदकर दे दी जान

मुजफ्फरनगर, १४ मई (बु.)। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि आज दोपहर करीब एक बजे एक ४० वर्षीय युवक ने शामली रोड पर स्थित पर्दाफाश झील में छलांग लगा दी। कुछ लोगों ने युवक को झील में कूदते देखकर शोर मचा दिया। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से झील में डूबे युवक को बाहर निकलवाकर उपचार के लिये जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को परीक्षण के लिए भेज दिया है। पुलिस मृतक की पहचान कराने के प्रयास कर रही है।

## कांग्रेस अध्यक्ष राहुल, प्रियंका या कौन!

उदयपुर, १४ मई (एजेंसी)। कांग्रेस नवसंकल्प चिंतन शिविर में देश के तमाम मुद्दों पर चर्चा चल रही है। इसके साथ ही पार्टी के अंदर से ही एक सवाल खड़ा हो रहा है कि अब कांग्रेस का अध्यक्ष कौन होगा? बताया जाता है कि इसके लिए चुनाव प्रक्रिया जारी है। लेकिन पार्टी में अध्यक्ष को लेकर अब तक एक राय नहीं बन पा रही है। कुछ लोग राहुल गांधी तो कुछ प्रियंका गांधी को अध्यक्ष बनाने की सिफारिश कर रहे हैं। वहीं गांधी परिवार के अलग भी किसी को अध्यक्ष बनाने की चर्चा शिविर में हो रही है। दरअसल चिंतन शिविर शुरू होने से पहले भी यह सवाल खड़ा हुआ था कि कांग्रेस में बदलाव होगा तो अध्यक्ष भी नया बनेगा। अब भी इस बात पर असमंजस बना हुआ है। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि पार्टी के कई बड़े नेताओं ने पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से इनकार कर दिया है। तमाम कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का फोकस गांधी परिवार पर ही है। अपने संबोधन में भी वे सोनिया गांधी, राहुल और प्रियंका का नाम ले रहे हैं। वहीं कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में प्रियंका गांधी को अध्यक्ष बनाए जाने की संभावना जताई जा रही है। इस बीच पार्टी सूत्रों का कहना है कि अभी चिंतन शिविर में पार्टी अध्यक्ष को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई है। कुछ लोग दूसरी बातों से ध्यान भटकाने के लिए पार्टी अध्यक्ष के नामों के कयास लगा रहे हैं। सवाल पूछे जाने पर भी यही कहा गया है कि पार्टी में चुनाव प्रक्रिया चल रही है। उसके हिसाब से ही पार्टी अध्यक्ष तय होगा। जिन छह विषयों पर कमेटियों का गठन किया गया है, उन्हीं मुद्दों पर चर्चा हुई है। इसमें प्रमुख रूप से इकोनॉमिक पॉलिसी, किसान, युवा व बेरोजगारी, सोशल जस्टिस, पार्टी का संगठनात्मक ढांचा शामिल हैं। पैनल ने चर्चा कर प्रस्ताव तैयार किए हैं जिन पर रविवार को कांग्रेस कमेटी की ओर से मुहर लगाई जाएगी।

## आजम खान के खिलाफ सुलतानपुर कोर्ट में याचिका

सुलतानपुर, १४ मई (एजेंसी)। प्रदेश के पूर्व मंत्री व विधायक सपा नेता आजम खान पर जिला न्यायालय ने नोटिस जारी करने का आदेश दिया है। सेशन कोर्ट ने पूर्व मंत्री के साथ ही पक्षकार बनाए गए डीएम सुलतानपुर को भी नोटिस भेजने का आदेश दिया है। सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव के जन्मदिन कार्यक्रम में खर्च होने वाली धनराशि को आतंकी संगठनों द्वारा मुहैया कराए जाने की विवादित टिप्पणी आठ साल पूर्व आजम खान ने की थी। इसी आरोप में शहर के शिवपुरी निवासी ज्ञानेन्द्र तिवारी ने आजम खां के खिलाफ परिवाद दायर किया था जिसे निचली अदालत ने खारिज कर दिया । प्रश्नगत आदेश को ज्ञानेंद्र तिवारी ने अधिवक्ता संतोष पांडेय के जरिए सेशन कोर्ट में निगरानी दायर कर चुनौती दी है। न्यायाधीश राजेश नारायण मणि त्रिपाठी ने पूर्व मंत्री आजम खान व सुलतानपुर के जिलाधिकारी को नोटिस भेजने का आदेश दिया है। अगली सुनवाई १४ जून को होगी।

## कब चलेगी गरीब यात्रियों की रेल, जनप्रतिनिधि भी हुए फेल

❑कोरोना काल के बाद से बंद चल रही हैं दिल्ली, अंबाला और हरिद्वार की ट्रेन ❑सांसद हो या मंत्री, रेलवे अधिकारी हो या अफसर हर कोई दैनिक यात्रियों की मांग को कर रहा है अनसुना

मुज़फ़्फ़रनगर, 14 मई ( बु.)। कोरोना की पहली लहर के साथ बंद हुई गरीबों की पैसेंजर ट्रेन चौथी लहर के समापन के बाद भी नहीं चल पाई है। दैनिक यात्री केंद्रीय मंत्री से लेकर डीआरएम तक अपनी गुहार लगा चुके हैं। स्थानीय सांसद और विधायक भी कोई राहत नहीं दिला पाए हैं। पैसेंजर ट्रेन बंद होने से दैनिक यात्रियों को सबसे ज्यादा दिक्कत उठानी पड़ रही है। ऐसे में कोई भी यह जवाब देने को तैयार नहीं है कि दिल्ली, सहारनपुर और हरिद्वार को जाने वाली पैसेंजर ट्रेन कब तक चल पाएंगी। ट्रेन की पटरियों पर दौड़कर गरीब यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने वाली पैसेंजर ट्रेन को बंद हुए दो साल से अधिक का समय हो गया है। आरक्षित सीटों वाली ट्रेनें तो बादस्तूर जारी हैं, लेकिन रेलवे महकमा पैसेंजर ट्रेनों को लेकर कोई फैसला नहीं ले पा रहा है। मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन पर दिल्ली से अंबाला पैसेंजर गाड़ी संख्या 309, 310 मेरठ अंबाला पैसेंजर गाड़ी संख्या 311, 312 दिल्ली ऋषिकेश पैसेंजर गाड़ी संख्या 371, 372 डाउन 2020 से बंद चली आ रही है। दैनिक रेल यात्री रेलवे के जनरल मैनेजर, डीआरएम, सांसद और केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान आदि को कई बार ज्ञापन देकर इन गाड़ियों को चलाने के लिए अनुरोध कर चुके हैं। दैनिक यात्री संघ के अध्यक्ष घनश्याम भगत ने इस समस्या को लेकर ट्वीट किया, तो रेलवे मंत्रालय ने यह कहकर



कोई जवाब नहीं दिया कि आपका सुझाव नोट कर लिया गया है। केंद्रीय मंत्री भी लगातार पैसेंजर ट्रेनों को चलवाने का प्रयास करते आ रहे हैं, बावजूद इसके अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। दैनिक यात्री संघ का कहना है कि कोरोना समाप्त हुए काफी समय बीत गया है और स्टेशन पर यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। पैसेंजर ट्रेन बंद होने के कारण दैनिक यात्रियों को सबसे ज्यादा दिक्कत हो रही है। घनश्याम भगत की मानें तो सुबह के समय सहारनपुर जाने के लिए कोई ट्रेन नहीं है। ऐसे में लोगों को बसों के जरिए महंगा सफर तय करना पड़ रहा है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान और राज्यमंत्री कपिल देव से बात कर दिल्ली से सुबह के समय चलने वाली हरिद्वार, ऋषिकेश, मेरठ और अंबाला की बंद पैसेंजर ट्रेनों को चलवाने की मांग को दोहराया है। साथ ही सहारनपुर से शाम के समय मुजफ्फरनगर, मेरठ और दिल्ली के लिए चलने वाली पैसेंजर पैसेंजर ट्रेनों का संचालन भी शुरू होना चाहिए, क्योंकि इन ट्रेनों के संचालन से हज़ारों दैनिक यात्रियों का कारोबार भी जुड़ा है।



## जिला जज ने किया वाटर कूलर का लोकार्पण

मुजफ्फरनगर, १४ मई (बु.)। लोक अदालत के दौरान जिला न्यायाधीश चवन प्रकाश ने न्यायालय परिसर में वाटर कूलर का लोकार्पण किया। न्यायालय परिसर में वादकारियों के लिए वाटर कूलर लगाया गया है। इसका लोकार्पण आज जनपद न्यायाधीश ने किया।

## दिल्ली तपी तो शुरू हुई पहाड़ की दौड़, हाईवे पर जाम

मुजफ्फरनगर, १४ मई (बु.)। मौसम में गर्माहट बढ़ने के बाद दिल्ली जैसे इलाके तो तप रहे हैं। ऐसे में लगातार तीन दिन के अवकाश का समय आया तो तमाम लोगों ने हरिद्वार और पहाड़ों की ओर दौड़ लगा दी। इसके चलते आज हाईवे पर वाहनों की रेलमपेल के साथ टोल और तमाम अन्य स्थानों पर जाम के हालात नजर आए।

गर्माहट बढ़ने के बाद दिल्ली में पारा ४४ के पास पहुंचने के साथ वहां नौकरी पेशा लोगों को लगातार तीन दिन का अवकाश मिलने के बाद आज दिल्ली से देहरादून और हरिद्वार की दौड़ के चलते हाईवे पर वाहनों की रेलमपेल नजर आई। तीन दिन के अवकाश का लाभ उठाने के लिए पहाड़ों के भ्रमण पर लोग निकल पड़े। इसके चलते जहां टोल प्लाजा पर भारी भीड़ लगी रही, वहीं बाइपास के निकट जाम की स्थिति के बाद सिसौना के रास्ते से वाहन निकले तो वहां भी जाम की स्थिति नजर आई। हाईवे होटल भी इस दिनों यात्रा सीजन के चलते फुल चल रहे हैं। आज शनिवार के बार रविवार और इसके बाद सोमवार को बुद्ध पूर्णिमा का अवकाश है। ऐसे में चार धाम यात्रा के अलावा लोगों का ठंड की राहत पाने के लिए पहाड़ों की ओर दौड़ना सामान्य बात है, लेकिन इस बार भीड़ बढ़ने का एक बड़ा कारण पिछले दो वर्षों से कोरोना के कारण यात्रा स्थगित रहना और अचानक गर्मी बढ़ना है।

## जम्मू की जेल में बंद चवालीस खूंखार कैदी विशेष विमान से नैनी सेंट्रल जेल लाए गए

प्रयागराज, १४ मई (एजेंसी)। जम्मू–कश्मीर में अलग–अलग जेलों में निरुद्ध ४४ खूंखार बंदी शनिवार को नैनी जेल में शिफ्ट किए गए। इन सभी को विशेष विमान से पहले बम्हरौली लाया गया। इसके बाद कड़ी सुरक्षा के बीच सड़क मार्ग से नैनी जेल में दाखिल किया गया। इनकी सुरक्षा में जम्मू–कश्मीर पुलिस के साथ ही सेना के जवान भी तैनात रहे। सुरक्षा के दृष्टिगत इन सभी को हाईसिक्योरिटी सेल में रखा गया है। जम्मू कश्मीर के ४४ बंदी राज्य के अलग–अलग जिलों में स्थित जेलों में निरुद्ध थे। इनमें से कुछ जम्मू एंड कश्मीर पब्लिक सेफ्टी एक्ट, १९७८ जबकि शेष अलग–अलग आरोपों में जेल में बंद किए गए थे। इनमें से कुछ ऐसे भी हैं जो सेना पर पथराव व हमले के मामले में गिरफ्तार किए गए थे।

### ज्ञानवापी में दीवारों पर त्रिशूल और स्वास्तिक के निशान दिखे

वाराणसी, १४ मई (एजेंसी)। ज्ञानवापी मस्जिद के तहखाने में शनिवार को सर्वे के दौरान तहखाने में मंदिर शिखर का अवशेष भरा होने के कारण सर्वे में दिक्कत भी आई। दीवारों पर त्रिशूल और स्वास्तिक के निशान दिखे हैं। इनकी बनावट शैली का कोर्ट कमिश्नर व अधिवक्ताओं ने आकलन किया। सूत्रों के अनुसार एक तहखाने में मगरमच्छ का शिल्प देख सभी दंग रह गए। सूत्रों के मुताबिक कमीशन की कार्यवाही सुबह ८ बजे शुरू हो गई। कोर्ट कमिश्नर अजय कुमार मिश्र, विशाल सिंह व अजय प्रताप सिंह ने सभी पक्षकारों के साथ मस्जिद में प्रवेश किया। पूरी टीम पहले मस्जिद की पश्चिमी दीवार देखने पहुंची। यहां करीब १० मिनट रुकने के बाद सभी तहखाने में पहुंचे।

## राहुल भट्ट की हत्या पर उद्धव ठाकरे बोले: वहां पढ़ोगे हनुमान चालीसा...

मुंबई, १४ मई (एजेंसी)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने शनिवार को जम्मू–कश्मीर के बडगाम जिले में कश्मीरी पंडित राहुल भट की हत्या को लेकर पूर्व सहयोगी भारतीय जनता पार्टी पर चौतरफा हमला किया। कहा कि हमारा हिन्दुत्व अब गदाधारी हो गया है, तो अब क्या जम्मू कश्मीर में हनुमान चालीसा पढ़ोगे? बीजेपी को फर्जी हिन्दुत्व पार्टी बताकर ठाकरे ने बीजेपी को जमकर निशाने पर लिया। मुंबई में एक रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा कि कश्मीरी पंडित राहुल भट को जम्मू–कश्मीर में तहसील कार्यालय में आतंकवादियों ने मार डाला था, अब आप क्या करेंगे? क्या आप वहां हनुमान चालीसा पढ़ेंगे? हमने बीजेपी के साथ गठबंधन के कारण अपने २५ साल बर्बाद कर दिए, वह सबसे खराब हैं। भाजपा देश को नरक में ले गई है।

## योगी सरकार की मंत्री बेबीरानी मौर्य ने स्टाफ से उतरवाए शू-कवर, वीडियो वायरल

उन्नाव, १४ मई (एजेंसी)। महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार मंत्री बेबीरानी मौर्य का एक वीडियो शनिवार शाम से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। १२ सेकेंड के इस वीडियो में वह खड़ी हैं और एक युवक उनके सैंडलों पर चढ़े शू–कवर उतार रहा है। यह वीडियो उन्नाव के बीघापुर की एक पुष्टाहार यूनिट के निरीक्षण के बाद का बताया जा रहा है। इसे लेकर सोशल मीडिया पर चर्चा छिड़ी है। बीघापुर में मंत्री बेबीरानी मौर्य ने शुक्रवार को पुष्टाहार यूनिट का निरीक्षण किया था। स्वच्छता के नजरिए से पुष्टाहार यूनिट में अंदर जाने से पहले शू–कवर पहनने की व्यवस्था है। निरीक्षण के लिए अंदर जाते वक्त उन्होंने शू–कवर पहने। बाहर आने के बाद वह ठिठकीं और अपने पैरों की तरफ देखा। उनके साथ निरीक्षण से निकले लोगों में से दो लोग झुके। इनमें से एक ने झुक कर उनके शू–कवर उतारे। दूसरे ने हाथ पीछे खींच लिया।

## 'मोक्ष प्राप्ति' की वजह से मर रहे तीर्थ यात्री : बोले भाजपा प्रवक्ता

देहरादून, १४ मई (एजेंसी)। चारधाम यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की मौत को मोक्ष प्राप्ति से जोड़ने पर कांग्रेस ने भाजपा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सरकार की नाकामियों को छिपाने के लिए भाजपा गलतबयानी करते हुए भ्रम फैला रही है। भाजपा प्रवक्ता शादाम शम्स से मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि लोग मोक्ष की कामना के साथ चारधाम यात्रा पर आते हैं। इसीलिए वो अपनी बीमारियों को छिपाकर खुद को फिट बताते हैं। हालांकि शम्स ने यह भी कहा कि सरकारी स्वास्थ्य सेवाएं दुरुस्त है। सरकार प्रत्येक यात्री के स्वास्थ्य का ख्याल और बीमारी की स्थिति में तत्काल उपचार भी मुहैया करा रही है। कांग्रेस की गढ़वाल मंडल मीडिया प्रभारी गरिमा महरा दसौनी ने कहा कि भाजपा के नेता अपने सोचने समझने की शक्ति खो बैठे हैं।

## पूर्व प्रधान की हत्या का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

❑चांटा मारने से क्षुब्ध होकर की गई थी पूर्व प्रधान की छुरी घोंपकर हत्या, आला ए कत्ल भी बरामद

मुजफ्फरनगर, १४ मई (बु.)। फुगाना थाना क्षेत्र में गांव फतेहपुर खेड़ी के पूर्व प्रधान कलीराम की गत १६ अप्रैल को हुई हत्या का थाना पुलिस ने खुलासा कर दिया है। गिरफ्तार आरोपी ने महज चांटा मारने से क्षुब्ध होकर पूर्व प्रधान की चाकू घोंपकर हत्या कर दी थी। आरोपी के कब्जे से आला ए कत्ल छुरी भी बरामद कर ली गई है। फुगाना थाना क्षेत्र के गांव फतेहपुर खेड़ी के पूर्व प्रधान कलीराम की गत १६ अप्रैल को छुरी मारकर हत्या कर दी गई थी। पूर्व प्रधान के परिजनों ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। फुगाना थाना पुलिस ने शनिवार को गांव डूंगर के पास स्थित ईंट भट्टे से बुढ़ाना क्षेत्र के गांव छाजपुर गढ़ी निवासी अलीहसन पुत्र जमील को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपी अली हसन के पास से वह छुरी भी बरामद कर ली गई है, जिससे पूर्व प्रधान की हत्या की गई थी। पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह १६ अप्रैल को परसौली अड्डे पर स्थित शराब ठेके के कैंटीन पर गया था। उक्त कैंटीन पूर्व प्रधान कलीराम के बेटे अनिल की है, जहां उस दिन कलीराम भी मौजूद था। इसी दौरान अली हसन की पूर्व प्रधान से लेनदेन को लेकर कहासुनी हो गई थी, जिसमें कलीराम ने अली हसन को चांटा मार दिया था। इसी बात से क्षुब्ध होकर अली हसन ने पूर्व प्रधान कलीराम की हत्या कर दी थी।

## भाकियू में खटपट, असंतुष्टों को नहीं मना सके राकेश टिकैत

लखनऊ, १४ मई (एजेंसी)। भारतीय किसान यूनियन में नाराजगी बढ़ी है। संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत की कथित राजनीतिक गतिविधियों को लेकर उत्तर प्रदेश इकाई के किसान नेता असंतुष्ट नजर आ रहे हैं। इस नाराज धड़े की अगुवाई प्रदेश उपाध्यक्ष हरिनाम सिंह वर्मा कर रहे हैं। रविवार १५ मई को यहां गन्ना किसान संस्थान में भाकियू के संस्थापक व जुझारू किसान नेता स्व.चौधरी महेन्द्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि के अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। हरिनाम सिंह वर्मा का दावा है कि इसी कार्यक्रम में संगठन की बैठक में कई अहम निर्णय लिये जा सकते हैं।

संगठन की यूपी इकाई के नेतृत्व की नाराजगी की खबर मिलते ही राकेश टिकैत शुक्रवार की रात को ही यहां पहुंच गये। चिनहट विकास खण्ड के नौबस्ता कलां गांव में हरिनाम सिंह वर्मा के आवास पर ही वह ठहरे और देर रात तक उनकी असंतुष्ट गुट से समझौता वार्ता होती रही। मगर इस वार्ता का कोई समाधान नहीं निकल सका। आखिरकार शनिवार की सुबह वह लखनऊ से वापस सिसौली के लिए रवाना हो गये। उन्होंने कहा कि संगठन की उ.प्र. इकाई के कुछ लोगों में नाराजगी है जल्द ही वह नाराजगी दूर कर ली जाएगी। फिलहाल रविवार को संगठन के संस्थापक स्व.चौधरी महेन्द्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि पर भाकियू मुख्यालय सिसौली मुजफ्फरनगर के अलावा हर जिले में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं । जो लखनऊ के कार्यक्रम में शामिल होना चाहें वह लखनऊ के कार्यक्रम में शामिल हों, जो सिसौली आना चाहें वहां उनका स्वागत होगा। राकेश टिकैत ने कहा कि वह चाहे सरकार हो या फिर विपक्ष सभी राजनीतिक दल ही हैं और उनसे वार्ता किये बगैर कुछ भी नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि भाकियू अराजनीतिक थी, है और रहेगी।

## मेरठ से सहारनपुर जा रही मालगाड़ी में आग

मेरठ, १४ मई (एजेंसी)। मेरठ सिटी स्टेशन पर आज सुबह मेरठ से सहारनपुर के लिए चली मालगाड़ी में आग लग गई। मालगाड़ी में आग लगने से पूरे स्टेशन पर अफरातफरी मची रही। शहर के सिटी स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर तीन पर शनिवार की सुबह मालगाड़ी के एक वैगन में आग लग गई। जिसे फायर ब्रिगेड ने मशक्कत के बाद बुझाया। कोयले से भरी मालगाड़ी सहारनपुर जा रही थी। मालगाड़ी जब स्टेशन के लिए रवाना हुई तो कर्मचारियों ने एक वैगन में धुआं उठता देखा। लेकिन मालगाड़ी प्लेटफार्म से आगे निकल गई थी। मालगाड़ी में लगी आग की सूचना लोको पायलट को देकर फिर से बैक कराकर प्लेटफार्म पर लाया गया। इसके बाद फायर ब्रिगेड के माध्यम से आग पर काबू पाया गया।

## अष्टकोणीय मंदिर और चार मण्डप वाला 'तहखाना', सर्वे में दिखीं चौंकाने वाली चीजें

वाराणसी, १४ मई (एजेंसी)। ज्ञानवापी प्रकरण में शनिवार को मस्जिद के अंदर सर्वे शुरू होने के बाद से तहखाने की चर्चा हर जुबान पर है। क्योंकि माना जाता है कि इस तहखाने में ही स्वयंभू आदिविशेश्वर स्थित हैं। अष्टकोणीय मंदिर के शिखर को ११वीं सदी में कुतुबुद्दीन एबक ने तुड़वाया था। १६६९ में मुगल शासक अकबर के आदेश पर उनके नवरत्नों में एक राजा टोडरमल ने अपने बेटे के माध्यम से मंदिर का जीर्णोद्धार कराया। उसी दौरान गर्भगृह में तहखाना बना दिया गया था। राजा टोडरमल के समय के स्थापत्य के अनुसार मंदिर के पूरब–दक्षिण में अविमुक्तेश्वर, पूरब–उत्तर में गणेश, पश्चिम–उत्तर में दंडपाणी और पश्चिम–दक्षिण में श्रृंगार गौरी आदि स्थित हैं। मंदिर के चारों ओर मंडप बने थे जिनके नाम मुक्ति, ज्ञान, ऐश्वर्य और श्रृंगार रखे गए थे। बीएचयू में प्राचीन इतिहास व संस्कृत विभाग के तत्कालीन अध्यक्ष रहे डॉ. एस. अल्टेकर ने अपनी पुस्तक 'हिस्ट्री ऑफ बनारस' में आदि विशेश्वर मंदिर का जिक्र किया है। कुतुबद्दीन एबक ११वीं शताब्दी में गंगा के रास्ते ९०० से अधिक नावों के बेड़ों के साथ बनारस पहुंचा और आदिविशेश्वर सहित कई अन्य मंदिरों के शिखर को तोड़ दिया। यह अवशेष १५वीं शताब्दी तक वैसे ही पड़ा रहा। १५वीं और १६वीं शताब्दी में बिहार में साम्राज्य स्थापित कर तत्कालीन मुगल बादशाह अकबर के वित्तमंत्री टोडरमल और सेनापति राजा मान सिंह दिल्ली लौटते समय बनारस रुके थे। टोडरमल ने काशी के उद्भट विद्वान पं. नारायण भट्ट से अपने पूर्वजों के निमित्त श्राद्धकर्म कराया।

## अखिलेश यादव को फ्री राशन योजना में दिखा खोट

लखनऊ, १४ मई (एजेंसी)। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि चुनाव के बाद रोजमर्रा के उपयोग की हर वस्तु मंहगी होने के कारण आम आदमी की गुजर बसर बेहद मुश्किल हो गई है। देश और प्रदेश में इस स्थिति से भाजपा की सरकार के गरीब और किसान हितैषी होने के झूठे दावों की पोल खुल गई है। अखिलेश के हवाले से शनिवार को सपा की ओर से जारी बयान में उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले किसानों की आय दुगनी करने, उनका सम्मान करने तथा गरीबों के चूल्हे ठण्डे न होने देने के बड़े–बड़े एलान किए गए थे। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में गेहूं का कोटा रद्द करने का निर्णय हो गया है। जून महीने से गरीबों को गेहूं की जगह चावल बंटेगा। अभी तक ०३ किलो गेहूं और ०२ किलो चावल बांटने का ढिंढोरा पीटा जा रहा था। चुनाव खत्म होने के बाद किसानों से सम्मान निधि की राशि वापस किये जाने की नोटिसें जारी हो रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने इस बार गेहूं खरीद में किसानों के हितों के ऊपर उद्योगपतियों के लाभ को प्राथमिकता दी। गेहूं की सरकारी खरीद की जगह ०५ बड़ी कंपनियों को गेहूं बिकवा दिया गया। उत्तर प्रदेश में गेहूं खरीद का लक्ष्य ६० लाख मीट्रिक टन था जबकि मात्र २.३५ लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हुई। खरीद केन्द्र पर कम खरीद के अलावा गेहूं उत्पादन कम होने की भी खबर है। इसके परिणाम स्वरूप बाजार में आटा और महंगा होगा।

## पार्क में युवती से तीन युवकों ने किया गैंगरेप, दोस्त के संग घूमने गई थी पीड़िता

नोएडा, १४ मई (एजेंसी)। नोएडा सेक्टर–२४ थाना क्षेत्र के सेक्टर–१२ स्थित शिमला पार्क में तीन युवकों ने एक युवती से कथित रूप से गैंगरेप किया। पीड़ित युवती की शिकायत के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक आरोपी फरार है। सेक्टर–२४ के थाना प्रभारी निरीक्षक ज्ञान सिंह ने बताया कि हरौला गांव की एक युवती ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि रंजीत नामक युवक शुक्रवार रात को उसे लेकर सेक्टर–१२ स्थित शिमला पार्क में घूमने आया था, जहां पर बाद में उसके दो और दोस्त अमित व पंकज पहुंच गए। उन्होंने बताया कि पीड़िता का आरोप है कि तीनों ने उससे बारी–बारी से गैंगरेप किया। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने आरोपी रंजीत तथा पंकज को गिरफ्तार कर लिया है। अमित फरार है, पुलिस उसकी तलाश कर रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए अस्पताल भेजा है।

## कोरोना से संक्रमित हुए अक्षय कुमार, नहीं जा पाएंगे कान्स फिल्म फेस्टिवल

मुंबई, १४ मई (एजेंसी)। अक्षय कुमार कोरोना से संक्रमित हो गए हैं। उनका कोविड–१९ टेस्ट पॉजिटिव आया है। अक्षय ने एक ट्वीट कर खुद यह जानकारी दी है। वह कान्स फिल्म फेस्टिवल जाने वाले थे ऐसे में अब वह नहीं जा पाएंगे। वह एआर रहमान, शेखर कपूर, पूजा हेगड़े और केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर के साथ भारतीय दल का प्रतिनिधित्व करने जाने वाले थे। अक्षय ने अपने पोस्ट में लिखा कि वह काफी उत्सुक थे। फिलहाल वह आराम करेंगे। उन्होंने पूरी टीम को शुभकामनाएं दी हैं।

## फेसबुक की दोस्ती बनी मौत का कारण, मन भर गया तो महिला ने कर दी युवक की हत्या

बुढ़ाना, 14 मई ( बु.)। एक ग्रामीण युवक को फेसबुक पर एक अंजान महिला से दोस्ती करना बहुत ही महंगा पड़ गया। जब महिला का अपने फेसबुकिया दोस्त से मन भर गया, तो उक्त महिला ने अपने अन्य दो दोस्तों की मदद से युवक की हत्या कर दी। मामला पुलिस के पास पहुंचा, तो पुलिस ने सर्विलांस के जरिए हत्या का खुलासा कर दिया और महिला व उसके दोनों दोस्तों को गिरफ्तार कर लिया।

मिली जानकारी के अनुसार एसपी देहात अतुल श्रीवास्तव व बुढ़ाना सीओ विनय गौतम के पर्यवेक्षण में बुढ़ाना कोतवाल जितेन्द्र यादव के नेतृत्व मे गठित टीम में क्राइम इंस्पेक्टर सुरेन्द्र कुमार, उपनिरीक्षक संजय सिंह, कांस्टेबल धनपाल सिंह, कांस्टेबल अंकित शर्मा, महिला पुलिसकर्मी सोनम कुमारी व नीतू कुमारी ने गांव जौला के मुजम्मिल की हत्या का खुलासा किया। बताया जाता है कि वादी मुबारिक पुत्र मुस्तकीम ग्राम जौला बुढ़ाना के द्वारा अपने भाई मुजम्मिल के बीती 25 मार्च को गुम होने के सम्बन्द मे प्रार्थना पत्र दिया था, जिस पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी थी। बताया जाता है कि बीती 11 मई को गुमशुदा की तलाश में बुढ़ाना पुलिस की टीम परिजनों से पूछताछ कर रहे थे तो पता चला कि करीब डेढ़ माह पूर्व एक व्यक्ति का शव थाना नौचन्दी क्षेत्र में मिला था। जिसके फोटो दिखाया गया, तो परिजनों ने



नहीं पहचाना। शक जाहिर होने पर गहनता से पहचान के लिए परिजनो को मेरठ भेजा गया। जहां पर उन्होंने मृतक के कपड़ों से उसकी पहचान मुजम्मिल के रूप में कर ली। आज शनिवार को सर्विलांस एवं गहनता से जांच के उपरान्त 3 अभियुक्त गुलफशा पत्नी मुस्तफा गली नंबर 13 डवाईनगर थाना नौचंदी मेरठ, साजिद पुत्र अहसान अब्बासी व वसीम पुत्र गुलाम बक्सी अंसारी निवासीगण मौहल्ला शाहजहां कालोनी कौशर मस्जिद के पास थाना लिसाड़ी गेट मेरठ के नाम प्रकाश में आये। तब पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि मृतक मुजम्मिल की फेसबुक के माध्यम से गुलफशा से दोस्ती हो गयी थी तथा प्रेम प्रसंग चल रहा था। मृतक मुजम्मिल गुलफशा को परेशान करने लगा। जिससे तंग आकर अभियुक्ता ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर मुजम्मिल की हत्या कर दी। बुढ़ाना पुलिस ने आज तीनों को जेल भेज दिया है।